**Series HMJ/C**

**SET-3**

कोड नं.
Code No. **67/C/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं । | (I) Please check that this question paper contains **31** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं । | (III) Please check that this question paper contains **32** questions. |
| (IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र* ***दो*** *भागों में विभाजित किया गया है —* ***भाग क*** *एवं* ***भाग ख*** *। इस प्रश्न-पत्र में* ***32*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***भाग क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* ***भाग ख*** *में दो विकल्प दिए गए हैं — (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा (2) अभिकलित्र लेखांकन । इसमें दिए गए विकल्पों में से आप किसी* ***एक*** *विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***चयनित*** *विकल्प के प्रश्नों का उत्तर आरम्भ करने से पूर्व उत्तर-पुस्तिका पर चयन किए गए* ***विकल्प का शीर्षक*** *अवश्य लिखिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***13*** *तथा* ***23*** *से* ***29*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***14*** *और* ***30*** *लघु-उत्तरीय प्रकार – I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***18*** *तथा* ***31*** *लघु-उत्तरीय प्रकार – II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या* ***19, 20*** *तथा* ***32*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार – I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न संख्या* ***21*** *और* ***22*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार – II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***8*** *अंकों का है ।*

*(x)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होने चाहिए । किसी भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

*(xi)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि तीन-तीन अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में, छः-छः अंकों वाले* ***1*** *प्रश्न में और आठ-आठ अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है । आपको ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना है ।*

*(xii)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक भाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## भाग क

## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** एक फर्म के विघटन पर ₹ 75,000 के एक लेनदार ने अपने दावे के पूर्ण निपटान हेतु ₹ 60,000 का फर्नीचर स्वीकार कर लिया । आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *1*

**2.** प्रत्येक छः माही के आरम्भ में एक निश्चित राशि के आहरण पर लगाए जाने वाले ब्याज के लिए औसत अवधि, महीनों में दीजिए । *1*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises* ***two*** *parts —* ***A*** *and* ***B****. There are* ***32*** *questions in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* ***Part A*** *is* ***compulsory*** *for all candidates.*

*(iii)* ***Part B*** *has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements and (2) Computerized Accounting. You have to attempt only* ***one*** *of the given options.*

*(iv)* ***Heading of the option*** *opted must be written on the Answer-Book before attempting the questions of that particular* ***OPTION****.*

*(v)* *Question nos.* ***1*** *to* ***13*** *and* ***23*** *to* ***29*** *are very short-answer type questions, carrying* ***1*** *mark each.*

*(vi)* *Question nos.* ***14*** *and* ***30*** *are short-answer type–I questions, carrying* ***3*** *marks each.*

*(vii)* *Question nos.* ***15*** *to* ***18*** *and* ***31*** *are short-answer type–II questions, carrying* ***4*** *marks each.*

*(viii)* *Question nos.* ***19****,* ***20*** *and* ***32*** *are long-answer type–I questions, carrying* ***6*** *marks each.*

*(ix)* *Question nos.* ***21*** *and* ***22*** *are long-answer type–II questions, carrying* ***8*** *marks each.*

*(x)* *Answers should be brief and to the point. The answer of each part should be written at one place.*

*(xi)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***2*** *questions of three marks,* ***2*** *questions of four marks,* ***1*** *question of six marks and* ***2*** *questions of eight marks. You have to attempt only one of the choices in such questions.*

*(xii)* *However, separate instructions are given with each part and question, wherever necessary.*

## PART A

**(Accounting for Not-for-Profit Organizations, Partnership Firms and Companies)**

**1.** On dissolution of a firm, a creditor of ₹ 75,000 accepted furniture at ₹ 60,000 in full settlement of his claim. Pass the necessary journal entry. *1*

**2.** Give the average period, in months, for charging interest on drawings of a fixed amount withdrawn at the beginning of each half-year. *1*

**3.** किसी समझौते के अभाव में मृत साझेदार के निष्पादक को देय शेष अदत्त राशि पर ब्याज दर होती है *1*

(A) 8% वार्षिक

(B) 6% वार्षिक

(C) 9% वार्षिक

(D) 12% वार्षिक

**4.** एक साझेदारी फर्म का पिछले पाँच वर्षों का औसत लाभ ₹ 1,60,000 था । फर्म की निवेशित पूँजी ₹ 5,00,000 थी, जबकि सामान्य प्रतिफल दर 20% थी । 3 वर्षों के अधिलाभों के क्रय के आधार पर फर्म की ख्याति की गणना कीजिए । *1*

**5.** क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे तथा $\frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{6}$ के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । घ को फर्म में $\frac{1}{6}$वें भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया गया । ग अपना मूल भाग बनाए रखेगा । नए लाभ-विभाजन अनुपात की गणना कीजिए । *1*

**6.** ख्याति मूल्य है ____________________ । *1*

**7.** अलाभकारी संगठनों में वह खाता जो 'रोकड़-बही' के लेनदेनों का वर्गीकृत सारांश दर्शाता है, कहलाता है : *1*

(A) आय तथा व्यय खाता

(B) प्राप्ति एवं भुगतान खाता

(C) लाभ तथा हानि खाता

(D) चन्दा खाता

**8.** एक्स, वाई तथा ज़ैड एक फर्म के साझेदार हैं तथा 6 : 4 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । एक्स ने ज़ैड को ₹ 15,000 लाभ की गारंटी दी है । 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 99,000 था । फर्म के लाभ में एक्स का भाग होगा : *1*

(A) ₹ 30,000

(B) ₹ 15,000

(C) ₹ 48,000

(D) ₹ 45,000

**9.** एक कम्पनी की नहीं माँगी गई पूँजी का एक भाग जिसे केवल कम्पनी के विघटन के समय माँगा जा सकता है, __________ पूँजी कहलाती है । *1*

**3.** In the absence of any agreement, the rate of interest payable on the amount remaining unpaid to the executor of deceased partner is *1*

(A) 8% p.a.

(B) 6% p.a.

(C) 9% p.a.

(D) 12% p.a.

**4.** The average profit of a partnership firm of the last five years was ₹ 1,60,000. Capital employed of the firm was ₹ 5,00,000 while the normal rate of return was 20%. Calculate the goodwill of the firm on the basis of 3 years' purchase of super profits. *1*

**5.** A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of $\frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{6}$. D was admitted in the firm for $\frac{1}{6}$th share. C would retain his original share. Calculate the new profit sharing ratio. *1*

**6.** Goodwill is the value of ____________________ . *1*

**7.** The account which shows classified summary of transactions of a 'Cash Book' in a Not-for-Profit Organisation is called : *1*

(A) Income and Expenditure A/c

(B) Receipts and Payments A/c

(C) Profit and Loss A/c

(D) Subscriptions A/c

**8.** X, Y and Z are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 6 : 4 : 1. X guaranteed a profit of ₹ 15,000 to Z. The net profit for the year ending $31^{st}$ March, 2019 was ₹ 99,000. X's share in the profit of the firm will be : *1*

(A) ₹ 30,000

(B) ₹ 15,000

(C) ₹ 48,000

(D) ₹ 45,000

**9.** A portion of uncalled capital of a company to be called only in the event of winding up of the company is known as __________ capital. *1*

10. त्याग अनुपात तथा अधिलाभ अनुपात में किसी एक अन्तर का उल्लेख कीजिए । *1*

11. क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 25 फरवरी, 2019 को ख की मृत्यु हो गई । मृत्यु की तिथि तक लाभ में ख के भाग की गणना ₹ 5,000 की गई।

इसके लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *1*

12. एक नए साझेदार द्वारा अधिग्रहण किए गए किसी एक अधिकार का उल्लेख कीजिए । *1*

13. आर लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के बट्टे पर किया, जिनका शोधन 5 वर्षों के पश्चात् 10% के प्रीमियम पर करना था । शोधन से पूर्व आर लिमिटेड द्वारा सृजन किए जाने वाले आवश्यक ऋणपत्र शोधन संचय का उल्लेख कीजिए । *1*

14. निम्नलिखित मदों को 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक क्लब के 'आय तथा व्यय खाते' तथा उसी तिथि को स्थिति विवरण में किस प्रकार प्रस्तुत किया जाएगा ? *3*

| | ₹ |
|---|---|
| 1 अप्रैल, 2018 को खेलकूद प्रतियोगिता कोष | 3,00,000 |
| 1 अप्रैल, 2018 को 10% खेलकूद प्रतियोगिता कोष निवेश | 3,00,000 |
| खेलकूद प्रतियोगिता कोष निवेशों पर प्राप्त ब्याज | 30,000 |
| खेलकूद प्रतियोगिता टिकटों की बिक्री | 75,000 |
| खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार दिए गए | 60,000 |

**अथवा**

निम्नलिखित सूचना से, 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक स्पोर्ट्स क्लब के 'आय तथा व्यय खाते' के नाम पक्ष में खतौनी की जाने वाली स्पोर्ट्स सामग्री राशि की गणना कीजिए : *3*

| | ₹ |
|---|---|
| 1 अप्रैल, 2018 को स्पोर्ट्स सामग्री का स्टॉक | 10,000 |
| 31 मार्च, 2019 को स्पोर्ट्स सामग्री का स्टॉक | 7,500 |
| 1 अप्रैल, 2018 को स्पोर्ट्स सामग्री के लेनदार | 20,000 |
| 31 मार्च, 2019 को स्पोर्ट्स सामग्री के लेनदार | 22,500 |
| 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष में स्पोर्ट्स सामग्री के लेनदारों को भुगतान | 1,00,000 |

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

**10.** State any one difference between Sacrificing ratio and Gaining ratio. *1*

**11.** A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On 25$^{th}$ February, 2019, B died. B's share of profit till the date of his death was calculated at ₹ 5,000.

Pass the necessary journal entry for the same in the books of the firm. *1*

**12.** State any one right acquired by a newly admitted partner. *1*

**13.** R Ltd. issued 10,000, 8% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 5%, redeemable at a premium of 10% after 5 years. State the amount of Debenture Redemption Reserve required to be created by R Ltd. before redemption. *1*

**14.** How will the following items be presented in the 'Income and Expenditure Account' of a club for the year ending 31$^{st}$ March, 2019 and the Balance Sheet as on that date ? *3*

| | ₹ |
|---|---|
| Tournament Fund on 1$^{st}$ April, 2018 | 3,00,000 |
| 10% Tournament Fund Investments on 1$^{st}$ April, 2018 | 3,00,000 |
| Interest received on Tournament Fund Investments | 30,000 |
| Sale of Tournament Tickets | 75,000 |
| Tournament prizes awarded | 60,000 |

**OR**

From the following information, calculate the amount of sports material to be debited to 'Income and Expenditure Account' of a sports club for the year ending 31$^{st}$ March, 2019 : *3*

| | ₹ |
|---|---|
| Stock of Sports Material on 1$^{st}$ April, 2018 | 10,000 |
| Stock of Sports Material on 31$^{st}$ March, 2019 | 7,500 |
| Creditors for Sports Material on 1$^{st}$ April, 2018 | 20,000 |
| Creditors for Sports Material on 31$^{st}$ March, 2019 | 22,500 |
| Payment made to creditors of Sports Material during the year ending 31$^{st}$ March, 2019 | 1,00,000 |

**15.** राधा तथा मुदित एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को फर्म का विघटन हो गया । विभिन्न परिसम्पत्तियों (रोकड़ हस्ते तथा बैंक में नगद को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को वसूली खाते में हस्तांतरित करने के पश्चात् निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 70,000 के एक लेनदार ने ₹ 1,50,000 मूल्य का फर्नीचर स्वीकार कर लिया तथा फर्म को ₹ 80,000 का भुगतान किया ।

(ii) ₹ 90,000 बैंक ऋण का निपटान ₹ 9,000 के ब्याज सहित किया गया ।

(iii) वसूली व्यय ₹ 8,000 का भुगतान मुदित ने किया ।

(iv) वसूली पर ₹ 20,000 की हानि थी । *4*

**16.** क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे । 1 अप्रैल, 2018 को उनके पूँजी खातों में क्रमश: ₹ 8,00,000, ₹ 6,00,000 तथा ₹ 4,00,000 का शेष था । साझेदारी संलेख के प्रावधानों के अनुसार, साझेदारों को पूँजी पर 5% वार्षिक दर से ब्याज देय था, ख को प्रति माह ₹ 3,000 वेतन तथा ग को ₹ 12,000 कमीशन देय था ।

पूँजी पर ब्याज को छोड़कर क को प्रति वर्ष ₹ 25,000 लाभ की गारंटी दी गई थी । पूँजी पर ब्याज को सम्मिलित करके परन्तु वेतन को छोड़कर ख को प्रति वर्ष ₹ 55,000 लाभ की गारंटी दी गई थी । इससे हुई किसी भी हानि को ग को वहन करना था । 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 2,16,000 था ।

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोग खाता तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

लाभ तथा आहरण का समायोजन करने के पश्चात् 31 मार्च, 2019 को आशा, निशा तथा दिशा के पूँजी खातों का शेष क्रमश: ₹ 1,50,000, ₹ 1,20,000 तथा ₹ 90,000 था । बाद में यह ज्ञात हुआ कि पूँजी तथा आहरण पर ब्याज नहीं लगाया गया था ।

साझेदारों को पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज देय था । आहरण पर भी 10% वार्षिक दर से ब्याज लगाना था । वर्ष के दौरान आहरण : आशा ₹ 50,000, निशा ₹ 60,000 तथा दिशा ₹ 30,000 थे । 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष में शुद्ध लाभ ₹ 1,00,000 था । लाभ विभाजन अनुपात 2 : 2 : 1 था ।

आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए । अपने कार्यों को भी स्पष्टतया दर्शाइए । *4*

**15.** Radha and Mudit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. The firm was dissolved on 31st March, 2019. Pass the necessary Journal entries for the following transactions after various assets (other than cash in hand and cash at bank) and third party liabilities have been transferred to Realisation Account :

(i) A creditor of ₹ 70,000 accepted furniture valued at ₹ 1,50,000 and paid to the firm ₹ 80,000.

(ii) Bank loan of ₹ 90,000 was settled along with interest ₹ 9,000.

(iii) Realisation expenses amounting to ₹ 8,000 were paid by Mudit.

(iv) Loss on realisation was ₹ 20,000. *4*

**16.** A, B and C were partners in a firm. On 1st April, 2018 the balance in their capital accounts stood at ₹ 8,00,000, ₹ 6,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. As per the provisions of the partnership deed, partners were entitled to interest on capital @ 5% p.a., salary to B ₹ 3,000 per month and a commission of ₹ 12,000 to C.

A's share of profit, excluding interest on capital, was guaranteed at ₹ 25,000 p.a. B's share of profit, including interest on capital but excluding salary was guaranteed at ₹ 55,000 p.a. Any deficiency arising on that account was to be met by C. The profits of the firm for the year ending 31st March, 2019 amounted to ₹ 2,16,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year ending 31st March, 2019. *4*

**OR**

On 31st March, 2019, the balance in the capital accounts of Asha, Nisha and Disha after making adjustments for profits and drawings were ₹ 1,50,000, ₹ 1,20,000 and ₹ 90,000 respectively. Subsequently, it was discovered that interest on capital and interest on drawings had been omitted.

The partners were entitled to interest on capital @ 10% p.a. Interest on drawings was also to be charged @ 10% p.a. The drawings during the year were : Asha ₹ 50,000, Nisha ₹ 60,000 and Disha ₹ 30,000. The net profit for the year ending 31st March, 2019 amounted to ₹ 1,00,000. The profit sharing ratio was 2 : 2 : 1.

Pass the necessary adjustment entry. Also show your workings clearly. *4*

**17.** 31 मार्च, 2019 को विजेता, वैशाली तथा दीक्षा, जो 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे, का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2019 को विजेता, वैशाली तथा दीक्षा का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| सामान्य संचय | 25,000 | स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 5,50,000 |
| देय बिल | 15,000 | स्टॉक | 80,000 |
| बैंक से ऋण | 40,000 | देनदार | 50,000 |
| पूँजी : | | नगद | 1,00,000 |
| विजेता : 3,00,000 | | | |
| वैशाली : 2,50,000 | | | |
| दीक्षा : 1,50,000 | 7,00,000 | | |
| | 7,80,000 | | 7,80,000 |

1 अक्टूबर, 2019 को दीक्षा की मृत्यु हो गई । किसी साझेदार की मृत्यु पर साझेदारी संलेख में निम्नलिखित का प्रावधान था :

(i) पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज लगाना था ।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्षों के क्रय पर किया जाएगा ।

(iii) पिछले चार वर्षों का औसत लाभ ₹ 20,000 था ।

(iv) 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ ₹ 60,000 था ।

उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए दीक्षा का पूँजी खाता तैयार कीजिए । *4*

**18.** ऐल्फ़ा इंडिया लिमिटेड ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों में विभक्त ₹ 10,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी । कम्पनी ने जनता के अभिदान हेतु 80,000 समता अंश प्रस्तावित किए । प्रति अंश राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था : आवेदन पर ₹ 3, आबंटन पर ₹ 2, प्रथम याचना पर ₹ 3 तथा शेष दूसरी तथा अन्तिम याचना पर । निर्गम पूर्णत: अभिदत्त हुआ तथा छवि को छोड़कर सभी देय राशि प्राप्त हो गई । छवि ने उसको आबंटित 2,000 अंशों पर प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार 'अंश पूँजी' को कम्पनी के स्थिति विवरण में दर्शाइए । 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । *4*

**17.** The Balance Sheet of Vijeta, Vaishali and Diksha who were sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1 as at 31st March, 2019 was as follows :

**Balance Sheet of Vijeta, Vaishali and Diksha as at 31st March, 2019**

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| General Reserve | 25,000 | Fixed Assets | 5,50,000 |
| Bills Payable | 15,000 | Stock | 80,000 |
| Loan from Bank | 40,000 | Debtors | 50,000 |
| Capitals : | | Cash | 1,00,000 |
| Vijeta : 3,00,000 | | | |
| Vaishali : 2,50,000 | | | |
| Diksha : 1,50,000 | 7,00,000 | | |
| | 7,80,000 | | 7,80,000 |

Diksha died on 1st October, 2019. The partnership deed provided for the following on the death of a partner :

(i) Interest on capital was to be provided @ 10% p.a.

(ii) Goodwill of the firm be valued on three years' purchase of average profits of last four years.

(iii) The average profits of the last four years were ₹ 20,000.

(iv) The profit for the year ending 31st March, 2019 was ₹ 60,000.

Prepare Diksha's Capital Account to be rendered to her executors. *4*

**18.** Alpha India Ltd. was registered with an authorised capital of ₹ 10,00,000 divided into 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company offered to the public for subscription 80,000 equity shares payable per share as : ₹ 3 on application, ₹ 2 on allotment, ₹ 3 on first call and the balance on second and final call. The issue was fully subscribed and all amounts due were received except the first and final call money on 2,000 shares allotted to Chavi. Her shares were forfeited.

Present the 'Share Capital' in the Balance Sheet of the company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013. Also prepare 'Notes to Accounts'. *4*

**19.** प्लैटिनम स्पोर्ट्स क्लब के निम्नलिखित विवरणों से 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता तैयार कीजिए : *6*

| विवरण | राशि ₹ |
|---|---:|
| आरम्भिक शेष : | |
| रोकड़ हस्ते | 70,000 |
| बैंक में नगद | 2,00,000 |
| प्राप्त चन्दा (वर्ष 2019 – 20 के लिए ₹ 85,000 सम्मिलित ) | 5,00,000 |
| किराया भुगतान (वर्ष 2017 –18 के लिए ₹ 20,000 सम्मिलित ) | 60,000 |
| टेनिस कोर्ट के रखरखाव के लिए व्ययों का भुगतान | 30,000 |
| फर्नीचर की नगद खरीद | 50,000 |
| प्रवेश शुल्क प्राप्त किया | 72,000 |
| नगरपालिका करों का भुगतान | 21,000 |
| लेखा-परीक्षा शुल्क का भुगतान (वर्ष 2019 – 20 के लिए ₹ 2,000 सम्मिलित ) | 12,000 |
| पुरानी स्पोर्ट्स सामग्रियों की बिक्री | 5,000 |
| अंतिम शेष : | |
| रोकड़ हस्ते | 11,000 |

**20.** डी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 40,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन किया हुआ था, इसमें से आधे 31 मार्च, 2019 को शोधनीय थे । आवश्यक राशि को ऋणपत्र शोधन निवेशों में निवेश करने का निर्णय लिया गया । कम्पनी के ऋणपत्र शोधन संचय खाते में ₹ 3,10,000 का शेष था ।

ऋणपत्रों के शोधन के समय आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

**अथवा**

**19.** From the following particulars of Platinum Sports Club, prepare Receipts and Payments Account for the year ending $31^{st}$ March, 2019 : *6*

| Particulars | Amount ₹ |
|---|---|
| Opening Balance : | |
| Cash in Hand | 70,000 |
| Cash at Bank | 2,00,000 |
| Subscriptions Received (including ₹ 85,000 for the year 2019 – 20 ) | 5,00,000 |
| Rent Paid (including ₹ 20,000 for the year 2017 – 18) | 60,000 |
| Expenses Paid for Maintenance of Tennis Court | 30,000 |
| Furniture Purchased for Cash | 50,000 |
| Entrance Fees Received | 72,000 |
| Municipal Taxes Paid | 21,000 |
| Audit Fees Paid (including ₹ 2,000 for the year 2019 – 20) | 12,000 |
| Sale of Old Sports Materials | 5,000 |
| Closing Balance : | |
| Cash in Hand | 11,000 |

**20.** D Ltd. had issued 40,000, 11% Debentures of ₹ 100 each of which one half were due for redemption on $31^{st}$ March, 2019. It was decided to invest the required amount towards Debenture Redemption Investments. The company had in its Debenture Redemption Reserve Account a balance of ₹ 3,10,000.

Record the necessary journal entries at the time of Redemption of Debentures. *6*

**OR**

(i) एल टी लिमिटेड ने जे एस एस लिमिटेड से भूमि का क्रय किया । भुगतान ₹ 10,00,000 का चैक निर्गमित करके तथा 6 माह पश्चात् देय ₹ 5,00,000 के एक विनिमय पत्र को स्वीकार करके किया गया । शेष राशि का भुगतान, ₹ 100 प्रत्येक के 5,000, 10% ऋणपत्रों को सममूल्य पर निर्गमित करके जिनका शोधन 3 वर्षों के पश्चात् 10% के प्रीमियम पर करना है, किया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए एल टी लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(ii) ए बी सी लिमिटेड ने एक्स वाई ज़ैड लिमिटेड की ₹ 4,20,000 की परिसम्पत्तियों तथा ₹ 40,000 की देयताओं का क्रय ₹ 3,60,000 के मूल्य पर किया । ए बी सी लिमिटेड ने क्रय मूल्य के पूर्ण निपटान के लिए ₹ 100 प्रत्येक के 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए ए बी सी लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

**21.** ए लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 80,000 समता अंशों को ₹ 4 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर – ₹ 5 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 9 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

1,40,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदनों पर भुगतान की गई अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । राजीव, जिसने 1,400 अंशों के लिए आवेदन किया था, आबंटन राशि का भुगतान करने में असफल रहा । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । बाद में इन हरण किए गए अंशों का ₹ 9 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमन कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए ए लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

**अथवा**

(i) LT Ltd. purchased land from JSS Ltd. The payment was made by issuing a cheque for ₹ 10,00,000 and by accepting a bill of exchange for 6 months for ₹ 5,00,000. The balance amount was paid by issuing 5,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at par redeemable at 10% premium after 3 years.

Pass the necessary journal entries in the books of LT Ltd. for the above transactions.

(ii) ABC Ltd. purchased assets of ₹ 4,20,000 and took over liabilities of ₹ 40,000 of XYZ Ltd. at a value of ₹ 3,60,000. ABC Ltd. issued 10% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% in full settlement of the purchase consideration.

Pass the necessary journal entries in the books of ABC Ltd. for the above transactions. *6*

**21.** A Ltd. invited applications for issuing 80,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 4 per share. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 5 per share

On allotment – ₹ 9 per share (premium included)

Applications were received for 1,40,000 shares and allotment was made to all applicants on pro-rata basis. Money overpaid on applications was adjusted towards sum due on allotment. Rajiv, who had applied for 1,400 shares failed to pay the allotment money. His shares were forfeited. Later on, these forfeited shares were reissued at ₹ 9 per share as fully paid up.

Pass the necessary journal entries in the books of A Ltd. for the above transactions. *8*

**OR**

ए बी लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 30,000 अंशों का निर्गमन सममूल्य पर किया । भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

| | | |
|---|---|---|
| ₹ 3 प्रति अंश | – | आवेदन पर |
| ₹ 3 प्रति अंश | – | आबंटन पर |
| शेष | – | प्रथम तथा अन्तिम याचना पर |

50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । नताशा, जिसने 1,600 अंशों के लिए आवेदन किया था, आबंटन राशि तथा याचना राशि का भुगतान करने में असफल रही । कम्पनी ने उसके अंशों का हरण कर लिया । इसके पश्चात् इन हरण किए गए अंशों को ₹ 10 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए ए बी लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

**22.** 31 मार्च, 2019 को क तथा ख जो 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे, का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2019 को क तथा ख का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 30,000 | बैंक में नगद | | 20,000 |
| निवेश उतार-चढ़ाव कोष | | 12,000 | देनदार | 85,000 | |
| सामान्य संचय | | 25,000 | घटा : डूबत ऋणों के लिए प्रावधान | 5,000 | 80,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 1,30,000 |
| क | 1,60,000 | | निवेश | | 60,000 |
| ख | 1,40,000 | 3,00,000 | फर्नीचर | | 77,000 |
| | | 3,67,000 | | | 3,67,000 |

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

AB Ltd. issued 30,000 shares of ₹ 10 each at par, payable as follows :

₹ 3 per share – on application

₹ 3 per share – on allotment

Balance – on first and final call

Applications were received for 50,000 shares. Applications for 10,000 shares were rejected and allotment was made on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess money received on application was adjusted towards sums due on allotment. Natasha, who had applied for 1,600 shares, failed to pay the amount due on allotment and call. The company forfeited her shares. Later on, these forfeited shares were reissued at ₹ 10 per share as fully paid-up.

Pass the necessary journal entries in the books of AB Ltd. for the above transactions. *8*

**22.** On 31st March, 2019 the Balance Sheet of A and B, who were sharing profits in the ratio of 3 : 2 was as follows :

**Balance Sheet of A and B as at 31st March, 2019**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 30,000 | Cash at Bank | | 20,000 |
| Investment Fluctuation Fund | | 12,000 | Debtors | 85,000 | |
| General Reserve | | 25,000 | Less : Provision for bad debts | 5,000 | 80,000 |
| Capitals : | | | Stock | | 1,30,000 |
| A | 1,60,000 | | Investments | | 60,000 |
| B | 1,40,000 | 3,00,000 | Furniture | | 77,000 |
| | | 3,67,000 | | | 3,67,000 |

1 अप्रैल, 2019 को उन्होंने निम्नलिखित शर्तों पर ग को लाभ में $\frac{1}{5}$ वें भाग के लिए एक नया साझेदार बनाने का निर्णय किया :

(i) ग अपनी पूँजी के लिए ₹ 1,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए ₹ 50,000 लाया ।

(ii) ₹ 2,000 अदत्त वेतन के लिए प्रावधान किया जाएगा ।

(iii) निवेशों का बाज़ार मूल्य ₹ 50,000 था ।

(iv) एक देनदार ने जिसकी ₹ 18,000 की देनदारी को डूबत ऋणों के रूप में अपलिखित कर दिया गया था, पूर्ण निपटान हेतु ₹ 12,000 का भुगतान किया ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । *8*

**अथवा**

चिन्तन, आयुष तथा सुधा एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2019 को चिन्तन, आयुष तथा सुधा का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | संयंत्र तथा मशीनरी | | 90,000 |
| चिन्तन | 90,000 | | फर्नीचर | | 60,000 |
| आयुष | 60,000 | | स्टॉक | | 30,000 |
| सुधा | 40,000 | 1,90,000 | देनदार | 60,000 | |
| भविष्य निधि | | 30,000 | घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 5,000 | 55,000 |
| सामान्य संचय | | 20,000 | बैंक में नगद | | 15,000 |
| लेनदार | | 10,000 | | | |
| | | 2,50,000 | | | 2,50,000 |

On 1st April, 2019, they decided to admit C as a new partner for $\frac{1}{5}$th share in the profits on the following terms :

(i) C brought ₹ 1,00,000 as his capital and ₹ 50,000 as his share of premium for goodwill.

(ii) Outstanding salaries of ₹ 2,000 be provided for.

(iii) The market value of investments was ₹ 50,000.

(iv) A debtor whose dues of ₹ 18,000 were written off as bad debts paid ₹ 12,000 in full settlement.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm. *8*

**OR**

Chintan, Ayush and Sudha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2019, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Chintan, Ayush and Sudha as at 31st March, 2019**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Plant and Machinery | | 90,000 |
| Chintan | 90,000 | | Furniture | | 60,000 |
| Ayush | 60,000 | | Stock | | 30,000 |
| Sudha | 40,000 | 1,90,000 | Debtors | 60,000 | |
| Provident Fund | | 30,000 | Less : Provision for doubtful debts | 5,000 | 55,000 |
| General Reserve | | 20,000 | Cash at Bank | | 15,000 |
| Creditors | | 10,000 | | | |
| | | 2,50,000 | | | 2,50,000 |

उपर्युक्त तिथि को चिन्तन ने अवकाश ग्रहण किया तथा यह सहमति हुई कि :

(i) ₹ 5,000 के देनदारों को डूबत ऋणों के रूप में अपलिखित किया जाएगा तथा देनदारों पर डूबत एवं संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा ।

(ii) चिन्तन के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 किया गया तथा उसमें से चिन्तन के भाग का समायोजन आयुष तथा सुधा के पूँजी खातों के नाम पक्ष में खतौनी करके किया जाएगा ।

(iii) स्टॉक का पुनर्मूल्यांकन ₹ 36,000 पर किया गया ।

(iv) फर्नीचर का मूल्य ₹ 9,000 कम किया गया ।

(v) कामगार क्षतिपूर्ति के लिए ₹ 2,000 की देयता का सृजन किया जाएगा ।

(vi) चिन्तन को ₹ 20,000 का भुगतान चैक द्वारा किया जाएगा तथा शेष का हस्तांतरण उसके ऋण खाते में किया जाएगा ।

चिन्तन के अवकाश ग्रहण करने पर फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

## भाग ख

## विकल्प 1

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**23.** 'बिक्री-योग्य प्रतिभूतियों का सममूल्य पर विक्रय' का परिणाम रोकड़ का अन्तर्वाह होगा । उल्लेख कीजिए कि यह कथन सत्य है अथवा असत्य । *1*

**24.** एक कम्पनी का ऋण-समता अनुपात 2 : 1 है । कारण देते हुए उल्लेख कीजिए कि ₹ 6,00,000 के अंशों के निर्गमन से अनुपात बढ़ेगा, घटेगा अथवा इस पर कोई प्रभाव नहीं होगा । *1*

**25.** 'रोकड़ प्रवाह विवरण' का अर्थ दीजिए । *1*

**26.** 'वित्तीय विवरणों का विश्लेषण' के किसी एक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए । *1*

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

Chintan retired on the above date and it was agreed that :

(i) Debtors of ₹ 5,000 were to be written off as bad debts and a provision of 5% on debtors for bad and doubtful debts was to be created.

(ii) Goodwill of the firm on Chintan's retirement was valued at ₹ 1,00,000 and Chintan's share of the same will be adjusted by debiting the Capital Accounts of Ayush and Sudha.

(iii) Stock was revalued at ₹ 36,000.

(iv) Furniture was undervalued by ₹ 9,000.

(v) Liability for workmen's compensation of ₹ 2,000 was to be created.

(vi) Chintan was to be paid ₹ 20,000 by cheque and the balance was to be transferred to his loan account.

Pass the necessary journal entries in the books of the firm on Chintan's retirement. *8*

## PART B
## OPTION 1
## (Analysis of Financial Statements)

**23.** 'Sale of marketable securities at par' would result in inflow of cash. State whether the statement is True or False. *1*

**24.** The debt-equity ratio of a company is 2 : 1. State, giving reason, if issue of shares of ₹ 6,00,000 will increase, decrease or not affect the ratio. *1*

**25.** Give the meaning of 'Cash Flow Statement'. *1*

**26.** State any one objective of 'Analysis of Financial Statements'. *1*

**27.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय 'किराया भुगतान' को किस प्रकार की गतिविधि के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाएगा ? *1*

**28.** यदि एक कम्पनी का प्रचालन अनुपात 75% है, तो इसका प्रचालन लाभ अनुपात ________ होगा । *1*

**29.** त्वरित परिसम्पत्तियों में सम्मिलित ***नहीं*** होता है *1*

(A) रोकड़ हस्ते

(B) बिक्री-योग्य प्रतिभूति

(C) पूर्वदत्त व्यय

(D) व्यापारिक प्राप्य

**30.** कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्नलिखित मदों को किस शीर्षक तथा उपशीर्षक के अन्तर्गत दर्शाया जाएगा ? *3*

(a) पूँजीगत अग्रिम

(b) उधार पर उपार्जित तथा देय ब्याज

(c) लाइसेंस तथा फ्रैंचाइज़ी

**अथवा**

निम्नलिखित सूचना से सकल लाभ अनुपात की गणना कीजिए : *3*

| | ₹ |
|---|---|
| प्रचालनों से आगम : | |
| नगद | 2,00,000 |
| उधार | 8,00,000 |
| क्रय : | |
| नगद | 40,000 |
| उधार | 3,60,000 |
| आवक भाड़ा | 8,000 |
| वेतन | 42,000 |
| मालसूची (स्टॉक) में कमी | 1,22,000 |
| बाह्य वापसी | 20,000 |
| मज़दूरी | 20,000 |

**27.** Under which type of activity will 'Rent Paid' be classified while preparing Cash Flow Statement ? *1*

**28.** If the operating ratio of a company is 75%, operating profit ratio will be ________ . *1*

**29.** Quick Assets do ***not*** include *1*

(A) Cash in Hand

(B) Marketable Securities

(C) Prepaid Expenses

(D) Trade Receivables

**30.** Under which heads and sub-heads will the following items appear in the Balance Sheet of a company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 ? *3*

(a) Capital Advances

(b) Interest accrued and due on borrowings

(c) Licenses and franchise

**OR**

From the following information, calculate Gross Profit Ratio : *3*

| | | ₹ |
|---|---|---|
| Revenue from Operations : | | |
| | Cash | 2,00,000 |
| | Credit | 8,00,000 |
| Purchases : | | |
| | Cash | 40,000 |
| | Credit | 3,60,000 |
| Carriage Inwards | | 8,000 |
| Salaries | | 42,000 |
| Decrease in Inventory | | 1,22,000 |
| Returns Outwards | | 20,000 |
| Wages | | 20,000 |

**31.** ए टी लिमिटेड के लाभ-हानि विवरण से संबंधित निम्नलिखित विवरण हैं :

| विवरण | 2018 – 19<br>₹ | 2017 – 18<br>₹ |
|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | 37,50,000 | 30,00,000 |
| अन्य आय | 75,000 | 60,000 |
| व्यय | 25,75,000 | 20,60,000 |
| आय कर | 40% | 40% |

तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

31 मार्च, 2019 को सुरभि लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से सामान्य आकार स्थिति विवरण तैयार कीजिए : *4*

**31 मार्च, 2019 को सुरभि लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| | विवरण | नोट सं. | 31.03.2019<br>₹ | 31.03.2018<br>₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | | |
| 1. | **अंशधारक निधियाँ :** | | | |
| | (क) अंश पूँजी | | 20,00,000 | 9,00,000 |
| | (ख) संचय एवं आधिक्य | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| 2. | **अचल देयताएँ :** | | | |
| | दीर्घकालीन उधार | | 12,00,000 | 5,00,000 |
| 3. | **चालू देयताएँ :** | | | |
| | व्यापारिक देय | | 6,00,000 | 5,00,000 |
| | **कुल** | | 40,00,000 | 20,00,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | **अचल परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | 20,00,000 | 10,00,000 |
| 2. | **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (क) मालसूची (स्टॉक) | | 19,00,000 | 8,00,000 |
| | (ख) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 1,00,000 | 2,00,000 |
| | **कुल** | | 40,00,000 | 20,00,000 |

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

**31.** The following particulars are related to the Statement of Profit and Loss of AT Ltd :

| Particulars | 2018 – 19 ₹ | 2017 – 18 ₹ |
|---|---|---|
| Revenue from Operations | 37,50,000 | 30,00,000 |
| Other Income | 75,000 | 60,000 |
| Expenses | 25,75,000 | 20,60,000 |
| Income Tax | 40% | 40% |

Prepare Comparative Statement of Profit and Loss. *4*

**OR**

From the following Balance Sheet of Surbhi Ltd. as at 31st March, 2019, prepare a Common Size Balance Sheet : *4*

**Balance Sheet of Surbhi Ltd. as at 31st March, 2019**

| | Particulars | Note No. | 31.03.2019 ₹ | 31.03.2018 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | **Shareholder's Funds :** | | | |
| | (a) Share Capital | | 20,00,000 | 9,00,000 |
| | (b) Reserves and Surplus | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| 2. | **Non-Current Liabilities :** | | | |
| | Long-term Borrowings | | 12,00,000 | 5,00,000 |
| 3. | **Current Liabilities :** | | | |
| | Trade Payables | | 6,00,000 | 5,00,000 |
| | **Total** | | 40,00,000 | 20,00,000 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | **Non-Current Assets :** | | | |
| | Fixed Assets | | 20,00,000 | 10,00,000 |
| 2. | **Current Assets :** | | | |
| | (a) Inventories | | 19,00,000 | 8,00,000 |
| | (b) Cash and Cash Equivalents | | 1,00,000 | 2,00,000 |
| | **Total** | | 40,00,000 | 20,00,000 |

**32.** 31 मार्च, 2019 को जी लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण तथा अतिरिक्त सूचना से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए : *6*

**31 मार्च, 2019 को जी लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| | विवरण | नोट सं. | 31.03.2019 ₹ | 31.03.2018 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | | |
| 1. | **अंशधारक निधियाँ :** | | | |
| | (क) अंश पूँजी | | 8,00,000 | 6,00,000 |
| | (ख) संचय एवं आधिक्य | 1 | 3,30,000 | 2,20,000 |
| 2. | **अचल देयताएँ :** | | | |
| | दीर्घकालीन उधार | 2 | 1,60,000 | 1,00,000 |
| 3. | **चालू देयताएँ :** | | | |
| | व्यापारिक देय | | 1,65,000 | 1,95,000 |
| | **कुल** | | 14,55,000 | 11,15,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | **अचल परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (क) स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 3 | 9,50,000 | 6,05,000 |
| | (ख) अचल निवेश | | 1,35,000 | 1,00,000 |
| 2. | **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (क) चालू निवेश | | 80,000 | 40,000 |
| | (ख) व्यापार प्राप्य | | 90,000 | 2,00,000 |
| | (ग) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 2,00,000 | 1,70,000 |
| | **कुल** | | 14,55,000 | 11,15,000 |

**32.** From the following Balance Sheet of G Ltd. as at 31st March, 2019 and additional information, prepare Cash Flow Statement : *6*

**Balance Sheet of G Ltd. as at 31st March, 2019**

| | Particulars | Note No. | 31.03.2019 ₹ | 31.03.2018 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | **Shareholder's Funds :** | | | |
| | (a) Share Capital | | 8,00,000 | 6,00,000 |
| | (b) Reserves and Surplus | 1 | 3,30,000 | 2,20,000 |
| 2. | **Non-Current Liabilities :** | | | |
| | Long-term Borrowings | 2 | 1,60,000 | 1,00,000 |
| 3. | **Current Liabilities :** | | | |
| | Trade Payables | | 1,65,000 | 1,95,000 |
| | **Total** | | 14,55,000 | 11,15,000 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | **Non-Current Assets :** | | | |
| | (a) Fixed Assets | 3 | 9,50,000 | 6,05,000 |
| | (b) Non-Current Investments | | 1,35,000 | 1,00,000 |
| 2. | **Current Assets :** | | | |
| | (a) Current Investments | | 80,000 | 40,000 |
| | (b) Trade Receivables | | 90,000 | 2,00,000 |
| | (c) Cash and Cash Equivalents | | 2,00,000 | 1,70,000 |
| | **Total** | | 14,55,000 | 11,15,000 |

**खातों के नोट्स :**

| नोट सं. | विवरण | 31.03.2019 ₹ | 31.03.2018 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **संचय एवं आधिक्य :** | | |
| | आधिक्य (लाभ-हानि विवरण में शेष) | 3,30,000 | 2,20,000 |
| | | 3,30,000 | 2,20,000 |
| 2. | **दीर्घकालीन उधार :** | | |
| | 10% ऋणपत्र | 1,60,000 | 1,00,000 |
| | | 1,60,000 | 1,00,000 |
| 3. | **स्थायी परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| | मशीनरी (लागत) | 10,70,000 | 7,00,000 |
| | (–) एकत्रित मूल्यह्रास | (1,20,000) | (95,000) |
| | | 9,50,000 | 6,05,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

₹ 60,000 के 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 1 अप्रैल, 2018 को किया गया था ।

## भाग ख

## विकल्प 2

## (अभिकलित्र लेखांकन)

**23.** एक्सेल में, चार्ट औज़ार (टूल्स) स्वरूपण के लिए तीन विभिन्न विकल्प _________, _________ तथा _________ प्रदान करते हैं । *1*

(A) अभिन्यास, स्वरूप, आँकड़े तैयारकर्ता

(B) रचना, अभिन्यास, स्वरूप

(C) स्वरूप, अभिन्यास, लेबल

(D) रचना, आँकड़े तैयारकर्ता, अभिन्यास

**24.** जब विस्तार चयन सक्रिय होता है, _________ यह कीबोर्ड अन्तिम पंक्ति तक सम्मिलित सभी आँकड़ों के चयन के लिए छोटा रास्ता (शॉर्टकट) है । *1*

**25.** उस गणितीय प्रचालक का उल्लेख कीजिए जिसका प्रतिनिधित्व एक 'तारांकन' (*) द्वारा किया जाता है । *1*

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

**Notes to Accounts :**

| Note No. | Particulars | 31.03.2019 ₹ | 31.03.2018 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **Reserves and Surplus :** Surplus (i.e. Balance in Statement of Profit and Loss) | 3,30,000 | 2,20,000 |
| | | 3,30,000 | 2,20,000 |
| 2. | **Long-term Borrowings :** 10% Debentures | 1,60,000 | 1,00,000 |
| | | 1,60,000 | 1,00,000 |
| 3. | **Fixed Assets :** Machinery (cost) | 10,70,000 | 7,00,000 |
| | (–) Accumulated Depreciation | (1,20,000) | (95,000) |
| | | 9,50,000 | 6,05,000 |

*Additional information :*

10% Debentures ₹ 60,000 were issued on 1st April, 2018.

## PART B
## OPTION 2
## (Computerised Accounting)

**23.** In Excel, the chart tools provide three different options _________, _________ and _________ for formatting. *1*

(A) Layout, Format, DataMaker

(B) Design, Layout, Format

(C) Format, Layout, Label

(D) Design, DataMaker, Layout

**24.** When extended selection is active, __________ is the keyboard shortcut for selecting all data up to and including the last row. *1*

**25.** State the mathematical operator which is represented by an 'asterisk' (∗). *1*

**26.** एस.क्यू.एल. का विस्तार कीजिए । *1*

**27.** केन्द्रीय (पिवट) तालिका को परिभाषित कीजिए । *1*

**28.** कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की एक सीमा दीजिए । *1*

**29.** पी एम टी कार्य का वाक्य-विन्यास (सिंटेक्स) _________ है । *1*

(A) पी एम टी (रेट, पी वी, एन पी ई आर, [एफ वी], [टाइप])

(B) पी एम टी (रेट, एन पी ई आर, पी वी, [एफ वी], [टाइप])

(C) पी एम टी (रेट, पी वी, एन पी ई आर, [टाइप], [एफ वी])

(D) पी एम टी (रेट, एन पी ई आर, पी वी, [टाइप], [एफ वी])

**30.** आँकड़ा आधार में प्राथमिक कुँजी तथा द्वितीयक कुँजी पदों को समझाइए । *3*

**अथवा**

एक उदाहरण की सहायता से आँकड़े तथा सूचना के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए । *3*

**31.** कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *4*

**अथवा**

'सशर्त स्वरूपण' के उपयोग को समझाइए । *4*

**32.** एक्सेल शीट/स्प्रैडशीट में पेरोल की गणना करने के लिए उपयोग किए जाने वाले तत्त्वों को समझाइए । *6*

**26.** Expand SQL. *1*

**27.** Define Pivot table. *1*

**28.** Give one limitation of Computerised Accounting system. *1*

**29.** The syntax of PMT Function is __________ . *1*

(A) PMT (rate, pv, nper, [fv], [type])

(B) PMT (rate, nper, pv, [fv], [type])

(C) PMT (rate, pv, nper, [type], [fv])

(D) PMT (rate, nper, pv, [type], [fv])

**30.** Explain the terms Primary key and Secondary key in a database. *3*

**OR**

Differentiate between data and information with the help of an example. *3*

**31.** State the features of Computerized Accounting system. *4*

**OR**

Explain the use of 'Conditional Formatting'. *4*

**32.** Explain the elements used in Payroll calculation in Excel sheet/Spreadsheet. *6*